ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 30-03-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-03-30 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-03-31	2021-04-01	2021-04-02	2021-04-03	2021-04-04
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	35.0	33.0	31.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	13.0	11.0	9.0	11.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	29	19	15	8	11
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	10	6	4	3	3
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.4	16.0	13.8	11.5	8.6
पवन दिशा (डिग्री)	292	294	292	292	18
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (23 – 29 मार्च 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.0 से 33.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 11.4 से 17.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 59 से 91 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 22 से 35 प्रतिशत एवं हवा 0.8 से 7.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 30.0 से 37.0 व 9.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार 4 अप्रैल से 10 अप्रैल के दौरान जिले में वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में वर्षा की सम्भावना नही है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
फील्ड पी	दलहनी फसलों जैसे मटर तथा चना की कटाई फसल पकने के तुरंत बाद सुबह के समय करें अन्यथा दाने झड़ने से नुकसान होता है। भण्डारण से पूर्व दानों को अच्छी तरह से सुखा लें।
मसूर की दाल	मसूर की पत्तियॉ पीली पड़ कर झड़ने लगे, उस समय कटाई करें। कटाई सुबह के समय हसिया से करें तथा 6-7 दिन धूप में सुखाकर गहाई एवं ओसाई करें। दोनो को अच्छी तरह सुखाकर भंडारित करें।
जौ	विलम्ब से बोई जौ की फसल अभी हरी हो तो शाम के समय हल्की सिंचाई करें। इसके गेहूँ के दाने सुडोल होंगे। तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई न करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेम की फली	फ्रासबीन में रस्ट की बीमारी को नियंत्रित करने के लिए वेटेबल सल्फर या मैनकोजेब 2.5 ग्राम या ट्रिडेमोर्फ 1 मिली /लीटर का छिड़काव करें।
गोभी	तैयार गोभियों की कटाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों के अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उनके आवास के तापमान का विशेष ध्यान रखें, उन्हें खाने के लिए सन्तुलित आहार दें तथा साफ-सुथरा एवं ताजा जल उपलब्ध करायें।